## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की विधि व्यवस्था के सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष का आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–भाजपा को सत्ता की भूख।
2. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो दिनों के दिल्ली प्रवास पर, झारखंड की राजनीतिक और कानून व्यवस्था की स्थिति पर केन्द्रीय नेतृत्व से करेंगे चर्चा।
3. धनबाद में दो गुटों में गोलीबारी में एक घायल, रांची में आजसू नेता हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन, कुछ इलाकों में सड़क जाम, दुकानों को कराया बंद।
4. एक भारत–श्रेष्ठ भारत अभियान के सिलिसिले में जमशेदपुर में भाजपा ने आयोजित किया स्नेह मिलन समारोह, बिहार और झारखंड की साझी संस्कृति की दिखी झलक।
5. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के फाइनल में आज रांची में हरियाणा का सामना ओडिशा से, तीसरे स्थान के लिए झारखंड और मिजोरम होंगे आमने सामने।

***********************

राज्य की विधि व्यवस्था के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप –प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता से राज्य में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

इस पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा को राज्यहित से कोई मतलब नहीं है। श्री सोरेन ने आरोप लगाया कि सत्ता प्राप्त करने के लिए भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है।

***********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो दिनों के प्रवास पर दिल्ली गये हैं। इस दौरान केन्द्रीय नेतृत्व के साथ उनकी झारखंड की राजनीतिक और विधि व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा होगी। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी उनकी मुलाकात होगी, जिसमें संगठन पर चर्चा संभव है।

***********************

धनबाद के गोंदूडीह में कोयले के अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में पथराव और गोलीबारी की घटना हुई है। गोलीबारी में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। गोली उसकी गर्दन के पास लगी है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि किसी पक्ष की ओर से अब तक मामले की शिकायत थाने में नहीं की गई है।

***********************

इधर, रांची में आजूस नेता और जूता कारोबारी भूपल साहू की हत्या के विरोध में स्थानीय लोग सड़क उतर आये हैं। बीच सड़क पर टायर जलाकर वे विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने पंडरा से लेकर रातू तक सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश कर रही है।

***********************

मानव तस्करी की शिकार सात युवतियों को खूंटी पुलिस ने दिल्ली से मुक्त कराने में सफलता प्राप्त की है। सभी युवतियों को पुलिस खूंटी लेकर आ गई है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

एसपी ने बताया कि मुक्त करायी गयी युवतियों में पांच खूंटी, एक सरायकेला–खरसांवा और एक गिरिडीह की रहने वाली है।

**********************

मशहूर निर्माता और निर्देशक एकता कपूर ने वेव्स बाज़ार के शुभारंभ पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में इस शानदार प्रदर्शन से वह चकित हैं। उन्होंने कहा कि 31 वर्षों में पहली बार है जब कोई सरकार अनोखी सोच के साथ ऐसा मंच प्रदान कर रही है, जो छोटे–छोटे रचनाकारों को बहुत मदद करेगा।

**********************

जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता के तौर पर बिहार के पूर्व मंत्री और विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। स्नेह मिलन कार्यक्रम में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, गौरवशाली परंपराओं और राष्ट्रीय एकता के भाव को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान अमरेंद्र प्रताप सिंह ने झारखंड के निर्माण को लेकर अपनी पुरानी यादों को भी ताजा किया।

**********************

लोहरदगा जिले में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए किसानों को उन्नत खेती के गुर सिखाये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- सीयूईटी यूजी फॉर्म में करेक्शन का आज आखिरी दिन है। जो उम्मीदवार आवेदन पत्र में संशोधन करना चाहते हैं, वे एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवश्यक बदलाव कर सकते हैं।
- राज्य में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रोन्नति और वित्तीय लाभ देने को लेकर पुलिस मुख्यालय ने गाइडलाइन जारी की है।

**********************

राज्य में अगले दो दिन तक तापमान बढ़ने के आसार हैं। इस बीच पलामू, जमशेदपुर, चाईबासा, बोकारो और सरायकेला खरसांवा में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। लेकिन इसके बाद आगामी दो दिन तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान बढ़ने के बावजूद राज्य में भीषण गर्मी या हीट वेव जैसे हालात फिलहाल नहीं बनेंगे।

**********************

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के फाइनल में आज हरियाणा का सामना ओडिशा से होगा। रांची में यह मैच शाम 6 बजे से खेला जाएगा। तीसरे स्थान के लिए शाम 4 बजे झारखंड और मिजोरम आमने सामने होंगे। अंतिम लीग मैच में कल झारखंड ने ओडिशा को हराकर पूल ए में तीसरा स्थान हासिल किया।

*******************